an>

Title: Regarding policy formation against anti-terrorist and anti-naxalite activities.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष महोदया, पिछले दिनों झारखंड और जम्मू-कश्मीर में अनेकों सीआरपीएफ और इंडियन आर्मी के जवान शहीद हुए। मेरी लोकसभा और हरियाणा के तीन जवानों ने इस देश में सुख-शांति रखने के लिए अपना बलिदान दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि एंटी टेरोरिस्ट और नक्सल एक्टिविटीज के अगेन्स्ट हम जिस तरह की पालिसी फार्मेशन की बात करते रहे हैं, उस पर सरकार जल्द से जल्द गंभीरता के साथ कदम उठाये। हमारे देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए वह एक ऐसी पालिसी लाये या फिर आल्टरनेट कोई ट्रीट्री दूसरे देशों के साथ करे, जिससे हम अपने जवानों को सुरक्षा और बेहतर इक्विपमैंट्स दिलवा पायें। बहुत-बहुत धन्यवाद।